आदेश-फलक

न्यायालय, उप समाहर्ता भूमि सुधार, बेतिया

वाद सं०- 128/11-12 सेराजुल हक बनाम अनवर मिया वगै०

केस का प्रकार- बिहार भूमि विवाद निराकरण

आदेश का क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	
20/7/12	आदेश प्रस्तुत वाद सं० 128/11-12, आवेदक सेराजुल हक के द्वारा समर्पित आवेदन से सृजित है। आवेदक ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि प्रश्नगत विवादित भूमि अंचल मझौलिया के सेमरा वृत गांव का खाता नं० - 154, खेसरा नं० - 494, रकबा - 6 कट्ठा 5 धुर भूमि है यह भूमि आवेदक की खरीदगी से प्राप्त भूमि है जिस पर विपक्षीगण अनाधिकृत रूप से कब्जा कर आवेदक को बेदखल करना चाहते हैं। आवेदक के आवेदन के आलोक में विपक्षीगण को नोटिस निर्गत किया गया। उभय पक्ष अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हुए। आवेदक के विद्वान अधिवक्ता ने दिनांक 29.3.12 को एक आवेदन समर्पित कर अनुरोध किया मूल आवेदन को उस आवेदन के आधार पर संशोधित कर विचार किया	

आदेश-फलक

न्यायालय, उप समाहर्ता भूमि सुधार, बेतिया

वाद सं०-

केस का प्रकार-

आदेश का क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	
	जाय। आवेदक के द्वारा समर्पित अर्थ आवेदन पर विपक्षी के द्वारा कड़ा एतराज जताते हुए आवेदक के द्वारा समर्पित द्वितीय आवेदन एवं मूल आवेदन को अस्वीकृत करने का अनुरोध किया। विपक्षी का कहना है कि आवेदक का प्रारंभिक आवेदन ही त्रुटिपूर्ण है जिसकी पुष्टि आवेदक के द्वारा समर्पित द्वितीय आवेदन से होती है। आवेदक के द्वारा ~~[illegible]~~ विचाराधीन वाद के मूल तत्व, तथ्य एवं स्वरूप को ही बदलना चाह रहे हैं जो कानून के सर्वमान्य सिद्धांत के विपरीत है। उभय पक्षों के द्वारा प्रस्तुत तर्क एवं दस्तावेजों के परिशीलन के उपरांत सम्यक विचारोपरांत मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ कि आवेदक का प्रारंभिक आवेदन त्रुटिपूर्ण है तथा इस विचाराधीन वाद के इस स्तर पर आवेदन या वाद के मूल तथ्यों एवं तत्वों पर संशोधन आवेदन लाना तथा उस आवेदन पर विचार किया जाना उचित नहीं है। अतः आवेदक के ~~आवेदन~~ संशोधन आवेदन	

न्यायालय, उप समाहर्ता भूमि सुधार, बेतिया

वाद सं०-

केस का प्रकार-

आदेश का क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	
	को अस्वीकृत किया जाता है। तथा मूल आदेश को त्रुटिपूर्ण पाते हुए निरस्त किया जाता है। वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। लिखवाया एवं संशोधित [illegible] भूमि सुधार उप समाहर्ता बेतिया [illegible] भूमि सुधार उप समाहर्ता बेतिया।	